राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–216/2023

राज्यपाल ने वीर नारियों को सम्मानित किया

पटना, 05 अगस्त 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 'गुलमोहर मैत्री' द्वारा बापू सभागार, पटना में आयोजित वीर नारी सम्मान समारोह में वर्ष 1971 के भारत–पाक युद्ध में शहीद सैनिकों की पत्नियों (वीर नारियों) को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सीमा पर आधारभूत संरचनाओं का विकास करने के साथ–साथ सेना का आधुनिकीकरण भी किया जा रहा है। इससे हमारे सैनिकों का मनोबल बढ़ा है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश की सीमा पर तैनात जवान अपने जीवन की परवाह न करते हुए काफी कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हैं और इसी के परिणामस्वरूप हम चैन से रहते हैं। हमें इस भाव को समझने की जरूरत है। राष्ट्रभक्ति हमारे मन में होना चाहिए। देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहूति देनेवाले शहीदों को स्मरण करना हमारा दैनिक कर्त्तव्य है।

राज्यपाल ने रक्षाबंधन के अवसर पर हर घर से एक राखी सीमा पर तैनात जवानों के लिए भेजने का आवाहन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने गुलमोहर मैत्री के आरोग्य मैत्री प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी भाग लिया।

कार्यक्रम को बिहार विधान परिषद् के माननीय सभापति श्री देवेश चन्द्र ठाकुर, माननीय विधायक सुश्री श्रेयसी सिंह एवं मेजर जनरल श्री एम० इन्द्रबालन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर गुलमोहर मैत्री के अध्यक्ष डॉ० एस०एन०पी० सिंह एवं सचिव श्रीमती मंजू सिन्हा तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....